प्रादेशिक समाचार
दिनांक–05.07.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. झामुमो नेता हेमंत सोरेन ने झारखंड के 13वें मुख्यमंत्री के रुप में ली शपथ, आठ को विश्वासमत करेंगे हासिल, नौ को हो सकता है कैबिनेट विस्तार।
2. राज्य के पूर्व मंत्री आलमगीर आलम समेत तीन के खिलाफ ईडी ने दायर की चार्जशीट, एनआरएचएम गड़बड़ी मामले में धनबाद के कोयला कारोबारी प्रमोद सिंह को लिया हिरासत में।
3. मौसम विभाग ने राजधानी रांची और संताल परगना क्षेत्र में आज और कल के लिए बारिश का येलो अलर्ट किया जारी, कहीं–कहीं भारी बारिश का पूर्वानुमान।
4. टी–20 विश्वकप विजेता भारतीय क्रिकेट टीम का मुम्बई में भव्य स्वागत, विजय पैरेड में प्रशंसकों का उमड़ा सैलाब, 125 करोड़ की इनाम राशि से सम्मानित हुई टीम इंडिया।

****

झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन ने कल शाम झारखंड के 13वें मुख्यमंत्री के रुप में शपथ ली। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने राजभवन में आयोजित एक समारोह में श्री सोरेने को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। श्री सोरेन ने कार्यभार संभालने के बाद कहा कि विकास के कार्यों को अब आगे बढ़ाया जाएगा।

इससे पहले राज्यपाल ने कल दोपहर 12 बजे हेमंत सोरेन को राजभवन बुलाकर मुख्यमंत्री के रुप में मनोनीत करते हुए सरकार बनाने का न्यौता दिया। इसके बाद पार्टी नेताओं ने पत्रकारों को बताया कि हेमंत सोरेन सात जुलाई को शपथ लेंगे लेकिन अचानक कल ही शाम चार बजकर पचास मिनट पर श्री सोरेन ने शपथ ले ली।

****

झारखंड में हेमंत सोरेन सरकार के विश्वास प्रस्ताव पर मतदान के लिए राज्य विधानसभा का विशेष सत्र सोमवार को आयोजित किया जाएगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में यह निर्णय लिया गया। शपथ ग्रहण से पहले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 44 विधायकों के समर्थन का पत्र राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन को सौंपा था। मंत्रियों का शपथ समारोह विधानसभा में विश्वास मत जीतने के बाद आयोजित होने की संभावना है। मंत्रिमंडल में नये चेहरों को शामिल किये जाने की भी संभावना है।

****

राज्य के पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम, उनके पीएस संजीव लाल और संजीव के नौकर जहांगीर आलम के खिलाफ ईडी ने विशेष अदालत में चार्जशीट दायर कर दी है। तीन हजार करोड़ के प्रॉसिड ऑफ क्राइम में इडी की यह तीसरी चार्जशीट है। ईडी ने मनी लांड्रिंग में गिरफ्तार तीनों आरोपियों की चार करोड़ की अचल संपत्ति भी अस्थायी तौर पर जब्त की है।

****

कोयला कारोबारी सह पूर्व एनआरएचएम कर्मी प्रमोद कुमार सिंह के धनबाद स्थित घर पर करीब 14–15 घंटे तक छापेमारी करने के बाद ईडी की टीम ने उन्हें हिरासत में ले लिया है। छापेमारी के दौरान ईडी को कई महत्वपूर्ण कागजात मिले हैं जिसे जब्त कर ईडी अपने साथ ले गया है। प्रमोद सिंह एनआरएचएम में करोड़ों रुपये के घोटाले के आरोपी हैं।

****

राज्य में बदले राजनीतिक हालात के बीच झारखंड भाजपा के चुनाव प्रभारी और केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान कल दो दिवसीय दौरे पर रांची पहुंचे। पत्रकारों से बातचीत में श्री चौहान ने सोरेन परिवार को सत्तालोलुप बताया।

बाद में उन्होंने आजसू पार्टी के अध्यक्ष सुदेश महतो से मुलाकात की। मौके पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह भी मौजूद थे। इस दौरान राज्य के मौजूदा हालात और विधानसभा चुनाव पर चर्चा हुई। चुनाव प्रभारी आज रामगढ़ में पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। रामगढ़ से रांची आने के बाद वे आज ही आरोप समिति और घोषणा समिति की बैठक को भी संबोधित करेंगे।

****

साहिबगंज जिले में किसानों की आय बढ़ाने के लिए सरकार की ओर से विशेश पहल की जा रही है।

****

राजधानी रांची और आसपास के क्षेत्रों में आज और कल अच्छी बारिश होने का पूर्वानुमान व्यक्त किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार इस दौरान एक –दो जगहों पर भारी बारिश भी हो सकती है। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में बताया है कि अगले दो दिनों के दौरान मानसून रांची समेत पूरे राज्य में सक्रिय रहेगा। आज राज्य के संताल परगना और आसपास के जिलों में कहीं–कहीं भारी बारिश होने का येलो अलर्ट जारी किया गया है।

****

टी–20 विश्वकप के विजेता क्रिकेट टीम के कल शाम मुम्बई पहुंचने पर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। विश्वकप विजेता टीम मुंबई के नरीमन प्वाइंट से वानखेडे स्टेडियम तक लाखों क्रिकेट प्रशंसकों के बीच विजय पैरेड किया।

बाद में वानखेड़े स्टेडियम में आयोजित एक सम्मान समारोह में टीम इंडिया को बीसीसीआई की ओर से 125 करोड़ रुपये की इनाम राशि सौंपी गयी।

****

और अब अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित सभी अखबारों ने झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन के 13वें मुख्यमंत्री के रुप में शपथ लेने की खबर को पहने पन्ने पर प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने लिखा है– तीसरी बार हेमंत सरकार।

दैनिक भास्कर के शब्द हैं– तोड़फोड़ का डर, हेमंत ने तत्काल ली शपथ।

प्रभात खबर लिखता है– हेमंत ने ली शपथ, आठ को करेंगे विश्वास मत हासिल, नौ को हो सकता है कैबिनेट विस्तार।

दैनिक जागरण ने टी–20 विश्वकप विजेता भारतीय क्रिकेट टीम के स्वदेश लौटने पर हुए जोरदार स्वागत की खबर को पहले पन्न की सुर्खी बनायी है।

रांची एक्सप्रेस ने लिखा है– टीम इंडिया से मिले पीएम जबकि राष्ट्रीय नवीन मेल के शब्द हैं– हेमंत सोरेन 154 दिनों बाद फिर से बने झारखंड के मुख्यमंत्री।

अंग्रेजी अखबार द टाइम्स ऑफ इंडिया और हिन्दुस्तान टाइम्स ने झारखंड की सत्ता में हेमंत सोरेन की वापसी की खबर को पहले पन्ने पर प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

****